तापमान
अधिकतम 25.7 डिग्री
न्यूनतम 5.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 4 फरवरी 2025

11 सरस मेले में लोग कर रहे जमकर खरीदारी



12 मात्र 5 रुपये में खाने की थाली सेवा की शुरूआत



## खबर संक्षेप

### जिम ट्रैनर से नगदी लूटी, मामला दर्ज

**पानीपत**। जीटी रोड पर पीवीआर मॉल के पास जिम ट्रेनर मोहित निवासी जसबीर कालोनी से चार बदमाशों ने दिनदहाड़े 20 हजार रुपए लूट लिए। पीड़ित ने एक बदमाश को पकड़ भी लिया था, उसने राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों से मदद भी मांगी, लेकिन कोई भी मदद के लिए आगे नहीं आया। जिसके बाद चारों बदमाश वहां से फरार हो गए। मोहित की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
बाइस लाख की धोखाधडी करने वाला पकडा

### प्लाट बेचने के नाम पार 22 लाख की धोखाधड़ी

**पानीपत**। सीआईए वन पुलिस टीम ने नोहरा रोड पर प्लाट बेचने के नाम पर सिवाह निवासी प्रवीण से 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने में मामले में नामजद आरोपियों में से एक सतीश निवासी देशवाल चौक जाटल रोड हाल स्वास्तिक सन्कूल अपार्टमेंट बलिठा बलसाड गुजरात को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से सात दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं इस मामले में थाना पुराना औद्योगिक में केस दर्ज है।

### दवाई चढ़ने से किसान हुआ बेहोश ठंड से मौत

**इसराना**। पानीपत के गांव कारद निवासी 34 वर्षीय किसान प्रदीप की खेत में कीटनाशक दवा का स्प्रे करते समय दवा चढ़ने से मौत हुई है। इसराना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद प्रदीप का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस को सुमन वासी कारद ने बताया कि उसका पति प्रदीप रविवार को खेत में दवा का स्प्रे करने गया था। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजन खेत में तलाश करते हुए गए। उसका पति खेत में मृत अवस्था में मिला। पत्नी सुमन ने पुलिस को बताया कि उसके पति की मौत स्प्रे करते समय दवा चढ़ने से हुई है। बताया यह भी जा रहा है कि किसान स्प्रे दवाई चढ़ने से बेहोश हो गया था ओर खेत में ही पड़ा रहा जिसको ठंड भी लग गई जिसकी वहीं मौत हो गई पुलिस पत्नी सुमन के बयान में कार्यवाही दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया।

### इग्नू ने दाखिलों की तिथि बढ़ाई: डॉ धर्म पाल

**करनाल**। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डा धर्म पाल ने बताया कि डिप्लोमा इन अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन(डीईसीई) कोर्स उन लोगों के लिए है जो अर्ली चाइल्डहुड केयर इंडस्ट्री के बारे में अपने ज्ञान और स्किल को बढ़ाना चाहते है। डिप्लोमा इन अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन कोर्स छात्रों को थ्योरी और प्रैक्टिकल के माध्यम से इस क्षेत्र के बारे में विस्तृत से सिखाता है। इग्नू के सभी पाठ्यक्रमों की सूची एवं जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### उपमंडल अभियंता ने पांच को बुलाई बैठक

# जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक नंबर एक पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

■ धरने का संचालन राम रतन शर्मा जिला सचिव ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जन स्वास्थ्य विभाग संगठनों की तालमेल कमेटी द्वारा जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक नंबर एक कुरुक्षेत्र के कार्यालय समक्ष ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया।

धरने का संचालन राम रतन शर्मा जिला सचिव ने किया। मीटिंग में प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा व जिला प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि उप मंडल अभियंता से पहले दौर की बातचीत में यह निर्णय हुआ था कि जब तक आपके कनिष्ठ अभियंता नहीं पहुंचे हम बातचीत नहीं करते। धरना सुबह 10 बजे से 4 बजे तक नारेबाजी चलती रही। इसके बाद उप मंडल अभियंता ने संगठन को 5 फरवरी 2025 को सुबह 11 बजे मीटिंग बुलाई है और कनिष्ठ अभियंता उसे मीटिंग में उपस्थित रहेंगे। मीटिंग के बाद आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। ऐसा आश्वासन दिया है दोनों नेताओं ने बताया कि अगर उसे दिन भी कनिष्ठ अभियंता नहीं पाएंगे तो हम 6 फरवरी से अनिश्चितकालीन करना शुरू करेंगे।



कुरुक्षेत्र। नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**इन्होंने रखे विचार** : मीटिंग में सुरेंद्र यादव, इंद्रपाल सिंह, गुरनाम कश्यप, राजेश सैनी, रिखीराम यादव, जिला परिषद प्रधान अशोक यादव, छत्रपाल सिंह, महेंद्र सैनी, राधेश्याम शर्मा, सतीश, बिट्टू रंग, विशाल सेन, मनीष लाडवा, रणवीर शर्मा, महेंद्र पाल, आनंद सिंह आदि ने भी अपने विचार रखें और कर्मचारियों से आह्वान किया कि संकट होकर कर्मचारी हित में लड़ाई जारी रहेगी।

# केयू यूआईईटी की छात्रा मोनिका प्रतिष्ठित कंपनी में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



■ मिलेगा 11.50 लाख का पैकेज, कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने दी बधाई

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्रा मोनिका का प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी बैरोक इंजीनियरिंग लिमिटेड में 11.50 लाख रुपये के पैकेज के साथ चयन हुआ। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने छात्रा मोनिका तथा यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा को बधाई देते हुए कहा कि यह यूआईईटी संस्थान के साथ-साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए भी बड़े गर्व का विषय है। विश्वविद्यालय के होनहार विद्यार्थी देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में उच्च पदों पर आसीन होकर अपने शैक्षणिक संस्थान को गौरवान्वित कर रहे हैं। यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि कुवि कुलपति के प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में संस्थान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि यूआईईटी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एसएई कॉलेजिएट क्लब की टीम वुल्फ 2.0 ने एनएटीआरएक्स इंदौर में 9-14 जनवरी 2025 तक आयोजित बाहा एसएईइंडिया 2025 ऑफ-रोड रेसिंग चैंपियनशिप में भाग लिया था। जिसमें 27 छात्रों की टीम का नेतृत्व कैप्टन नीरज सैनी और उप-कैप्टन विवेक कुमार ने किया। टीम की निगरानी एवं मार्गदर्शन डॉ. विशाल अहलावत और डॉ. अनुराधा परिणय ने की। 13-14 जनवरी 2025 को एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूट में आयोजित प्लेसमेंट के लिए बाहा एसएईइंडिया एचआर मीट में इंडियन ऑयल, टीवीएस मोटर्स, वैरोक इंजीनियरिंग लिमिटेड, एआरएआई, एंड्योरेंस टेक्नोलॉजी, निसान रेनो, जनरल मोटर्स, वेलियो इंडिया, बीम इन्फोटेक और मिशेलिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एवीएल, आनंद समूह और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने दौरा किया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग से टीम वुल्फ 2.0 के तीन विद्यार्थियों विवेक को एवीएल में, मोनिका को एआरएआई और वैरोक इंजीनियरिंग लिमिटेड में तथा धुन बाटला को एवीएल, निसान रेनो और एंड्योरेंस टेक्नोलॉजी में समूह चर्चा और तकनीकी राउंड के लिए चुना गया

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सहारनपुर रोड पर गांव मंडौली के पास बीती रात घने कोहरे के कारण ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव सरसावा माजरी निवासी 30 वर्षीय विशाल शर्मा खेती बाड़ी का काम करता है। इसके साथ ही वह गाडियां किराए पर देने का काम भी करता था। विशाल रविवार को यमुनानगर किसी काम से आया था। रात को करीब 12 बजे वह अपनी कार में वापस घर लौट रहा था। मगर इस दौरान धुंध अधिक थी। धुंध अधिक होने के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं दे रहे थे। जब वह सहारनुपर रोड पर गांव मंडौली के पास पहुंचा तो उसकी कार सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से जा टकराई। हादसे में विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। राहगिरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक को कब्जे में लेकर उससे मिले मोबाइल नंबर से उनके परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने सोमवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवा उन्हें सौंप दिया।



अंबाला। मामले में कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

■ पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया

### आरोपी की तलाश जारी

सदर यमुनानगर थाना पुलिस के जांच अधिकारी निर्मल ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रैक्टर-ट्राली के चालक का अभी पता नहीं चल पाया है। आरोपी की तलाश जारी है। मृतक के पास तीन साल की बेटी है।

### दुकान के गल्ले से 61 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर**। चोरों ने चंदाखेड़ी रोड बिलासपुर स्थित श्री कृष्णा वैल्डिंग वर्क्स की दुकान के गल्ले से 61 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मारवा खुर्द निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी चंदाखेड़ी रोड पर श्री कृष्णा वैल्डिंग वर्क्स के नाम से दुकान है। वह 31 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजे दुकान बंद करके किसी काम से चला गया था। दोपहर ढ़ाई बजे जब वह वापस आया तो दुकान का गल्ला खुला पड़ा था और अंदर से पैसे गायब थे। जांच करने पर गल्ले में रखे 61 हजार रुपये गायब मिले।

# मंत्री ने सड़क पर उतरकर खुद जांचे वाहन

## कई वाहनों के दस्तावेज अधूरे मिले, कई गाड़ियों को रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम अनिल विज ने सोमवार को अंबाला-नारायणगढ़ रोड पर ओवरलोड वाहनों को पकड़ने के लिए स्वयं सड़क पर उतरे। उन्होंने कई ट्रकों को रूकवाकर उनकी जांच की। वाहनों के रजिस्ट्रेशन से जुड़े दस्तावेजों को जांचा। एक दर्जन से ज्यादा वाहनों के दस्तावेज अधूरे मिले। इसी आधार पर पुलिस ने उन वाहनों को जब्त कर लिया। परिवहन मंत्री अनिल विज की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया।

दरअसल सोमवार शाम को अचानक परिवहन मंत्री अनिल विज बलदेव नगर में नारायणगढ़ रोड पर पहुंचे। उन्होंने ट्रकों की जांच प्रारंभ कर दी। उनके पहुंचने के कुछ देर बाद मौके पर आरटीए और पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। विज ने ट्रकों एवं अन्य ओवरलोड वाहनों की जांच की। रोड पर दर्जनों ट्रकों को रुकवाते हुए मंत्री ने ट्रक चालकों से पूछताछ की। उनके कागजों को चेक किया। इस दौरान उन्होंने ट्रकों में लोड किए गए सामान की भी जांच की। कई ट्रक चालक मौके पर अपने दस्तावेज नहीं दिखा पाए। अन्य कई वाहनों में अनियमितताएं पाई गई। इन ट्रक चालकों के खिलाफ मंत्री कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान कई ट्रकों को पुलिस द्वारा जब्त भी किया गया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि कुछ दिन पहले वह राजस्थान से आए थे। उन्होंने वहां आरटीए को ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई को कहा था। उन्होंने कल भी आरटीए को कहा था कि ओवरलोड वाहनों की वजह से हादसे हो रहे हैं।



अंबाला। बीच सड़क पर गाड़ी को रोककर चेक करते परिवहन मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

# मृतक युवक का शव ढूंढने व हत्या मामले में शामिल अन्य आरोपियों को पकड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गांव बारवा के युवक कृष्ण की हत्या करने के बाद उसी के दोस्तों द्वारा शव को करनाल के नजदीक रंबा नहर में फैंकने के मामले में शामिल युवकों को पकड़ने व मृतक युवक के शव को जल्द से जल्द ढूंढने की मांग को लेकर मृतक युवक के परिजन व गांव बारवा के ग्रामीणों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला से बातचीत की।

पुलिस अधीक्षक ने परिजनों को बताया कि कृष्ण की हत्या में शामिल तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि मृतक युवक का शव ढूंढने के लिए एसडीआरएफ व गोताखोरों की टीम लगी हुई है। युवक का शव मिलने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी और मामले में संलिप्त अन्य युवकों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। बतां दे कि 29 जनवरी को जिले के गांव बारवा के रहने वाले एक युवक की उसी के दोस्तों ने हत्या कर शव को करनाल के नजदीक रंबा नहर में फेंक दिया था। इस हत्याकांड में शामिल कुछ संदिग्धों के पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने की बात परिजनों ने मीडिया को बताई है। वहीं परिजनों का आरोप है कि इसके बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। परिजन प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है। मृतक के बड़े भाई प्रवीन ने बताया कृष्ण हम तीनों भाईयों में सबसे छोटा भाई था। जो अविवाहित था।



### मेरे बेटे की बॉडी दे दो

पुलिस अधीक्षक कार्यालय समक्ष मौजूद मृतक युवक की मां पूनम ने कहा कि उन्हें इंसाफ चाहिए। कहा कि मेरे बच्चे की बॉडी दे दो मुझे। मै बॉडी लिए बिना यहां से नहीं जाती। 6 दिन हो गए घर में चूल्हा नहीं जला। उन्होंने दिहाड़ी करके अपने बच्चों का पालन पोषण किया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर**। दोसड़का चौक साढौरा में ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव बांसेवाला निवासी सलमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त गांव फिरोजपुर अराइयां निवासी 25 वर्षीय मनु के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह दोसड़का चौक साढौरा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया।

# पानीपत की लड़की को गोवा के बार में बंधक बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ जर्मनी भेजने का का झांसा देकर दंपति ने पीड़ित परिवार से 38 लाख रूपये भी वसूले

पानीपत की की 21 वर्षीय युवती मानव तस्करों के जाल में फंस गई। एजेंट ने युवती को जर्मनी भेजने के नाम पर बंधक बना लिया। एक साल से ज्यादा हो गया, युवती ने अपने परिजनों से बात तक नहीं की। वह एक नंबर से कॉल करती है, लेकिन सिर्फ 30 सेकेंड बात करती है और हमेशा यही कहती है कि वह ठीक है और बाद में बात करेगी। वहीं, एजेंट योगीराज निवासी गांव कालवा जिला जींद की पत्नी मोनिका, युवती की मां के पास सूट सिलवाने आती थी। उसने ही युवती को जर्मनी भेजने और किसी कंपनी में नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। परिजनों ने अपना घर और जमीन बेचकर 38 लाख रुपये योगीराज व इसकी पत्नी मोनिका को दिए। इसके बाद एजेंटों ने उसे बंधक बना लिया। परिवार को एडिट की हुई फोटो भेजी गई, जिसमें दावा किया गया कि यह युवती की जर्मनी की फोटो है। लेकिन इस फोटो के अलावा कोई और फोटो या वीडियो नहीं मिला। इधर, परिजनों ने अपने स्तर पर अब मामले की जांच-पड़ताल की तो पता लगा कि युवती को गोवा के एक बार में बंधक बना कर रखा गया है। उससे वहां बार डांस करवाया जाता है।

### पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया सम्मानित

# डॉ. उस्ताद मुजतबा हुसैन को कृष्ण भक्त रस खान सम्मान



कुरुक्षेत्र। उस्ताद मुजतबा को सम्मानित करते पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ उस्ताद मुजतबा अब तक 300 से भी अधिक फिल्मों में बाँसुरी वादन कर चुके हैं

वेद विद्या शोध संस्थान, पिपली के संचालक स्वामी सम्पूर्णानंद के कुशल मार्गदर्शन में 1 से 12 फरवरी तक धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर स्थित योग भवन, में चल रहे बारह दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ में पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से विशेष रूप से आमंत्रित अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाँसुरी वादक उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया द्वारा कृष्ण भक्त रस खान सम्मान से अलंकृत किया गया। उस्ताद मुजतबा अब तक 300 से भी अधिक फिल्मों में बाँसुरी वादन कर चुके हैं व उन्हें अनेक विशिष्ट सम्मानों से भी सुशोभित किया जा चुका है। उन्होंने बसन्त पंचमी के शुभावसर पर श्री कृष्ण गोबिंद हरे मुरारी व रामायण सीरियल में प्रसिद्ध चौपाई मंगल भवन अमंगल हारी भजनों को तथा कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय गान को बाँसुरी पर वादन कर सभी गणमान्य उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम से पूर्व केशव सदन में समग्र शिक्षा द्वारा विभिन्न कलाओं को समर्पित एक कार्यशाला में सबसे पहले उनके शिष्यों डॉ कुकरेजा व अन्य शिष्यों देवेंद्र, तेजस, विष्णु, नेहा, स्नेहा व वंदिता ने गायत्री मंत्र से प्रारम्भ किया। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में उनके शिष्य प्रतिनिधि के तौर पर हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवम पूर्व में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला द्वारा बाँसुरी के लिए नामित गुरु डॉ मनीश कुकरेजा कुरुक्षेत्र में बाँसुरी शिक्षा का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

# पुलिस टीम ने युवक को पकड़ा बरामद की 17.22 ग्राम हेरोइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने जगाधरी अनाज मंडी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 17.22 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया।

जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार स्पेशल स्टाफ टीम में तैनात एसआई सुखदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार शाम उसे सूचना मिली थी कि जगाधरी अनाज मंडी के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम का गठन कर उक्त स्थान पर दबिश दी। वहां उन्हें एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ा मिला। जब उन्होंने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 17.22 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान चोपड़ा गार्डन निवासी अनंत कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### दांतों की सुरक्षा को लेकर दी आवश्यक जानकारियां

**रादौर।** सरकारी अस्पताल रादौर के तत्वावधान में सोमवार को स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने बच्चों को दांतों कही सही देखभाल करने की जानकारी दी। दंत चिकित्सक डॉ.पल्लवी मार्या ने कहा कि दांतों की सही देखभाल न होने के कारण दांतों में कीड़ा लगकर दांतों को नष्ट कर देता है। सही देखभाल से हम अपने दांतों को कीड़ा लगने से बचा सकते हैं। इसके लिए हमें सुबह व रात को सोने से पहले दिन में दो बार ब्रश अवश्य करना चाहिए। साथ ही दांतों पर टूथपेस्ट करते समय ब्रश से अधिक दबाव नहीं देना चाहिए।

### अशोक विहार कॉलोनी में महिला की चेन छीनी

**यमुनानगर।** शहर की अशोक विहार कॉलोनी में स्नेचरों ने एक युवक के गले से सोने की चेन झपट ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात स्नेचरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अशोक विहार कॉलोनी निवासी आकाश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रविवार दोपहर करीब सवा 12 बजे कॉलोनी में ही किसी काम से जा रहा था। जब वह कॉलोनी के मोड़ के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझा पाता आरोपी युवकों ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सुनी समस्याएं

# समाज के हर वर्ग का कल्याण भाजपा सरकार की प्राथमिकता

कृषि मंत्री बोले, विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग व हर क्षेत्र के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका लोगों को लाभ लेना चाहिए। उन्होंने उक्त शब्द मुकुंद बिहार कॉलोनी, ससौली, गांव अलीपुरा व गांव कंड्रौली में आयोजित धन्यवादी कार्यक्रमों में कहे। मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका जल्द समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया।

इस दौरान ग्रामीणों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जिस विश्वास व उम्मीद के साथ हलके की जनता ने उन्हें प्यार व मान सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है। उसका वह दिल से धन्यवाद करते हैं। वह हलके की जनता को विश्वास दिलाते हैं कि वे जनता के विश्वास व उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और विकास कार्यों में कमी नहीं आने देंगे।

उनका ध्येय जनता की समस्याओं के समाधान एवं हलके में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाने पर रहेगा। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि यह मेरी जीत नहीं बल्कि हलके की जनता की जीत है। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वह काम बताते रहें और हम उन्हें करते रहेंगे।



**यमुनानगर।** मुकंद बिहार कॉलोनी में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

#### नशे के खिलाफ किया जागरूक


कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेलों का भी महत्व है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाओं और उन्हें बुरी आदतों, नशा आदि से बचाओ। उन्होंने कहा कि बच्चे अगर अच्छा पढ़ेंगे तो उन्हें बिना खर्ची बिना पर्ची के अच्छी नौकरी मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य रह गए है या अधूरे पड़े हैं उन सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा कर दिया जाएगा। ताकि जनता को उनका लाभ मिल सकें। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर क्षेत्र में हर वर्ग के हित में योजनाएं बनाई जा रही हैं तथा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी विशेष रूप से कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी को भाईचारे और एकता के साथ रहने का संदेश दिया। अलीपुर के सरपंच ने मुख्यातिथि को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

# भाजपा में सभी वर्गों का सम्मान

- सैनी समाज ने रादौर में किया सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

सैनी समाज की ओर से सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने की। कार्यक्रम में जिला पंचकूला के गांव बड़ौना कला के सरपंच रोहित सैनी को रायपुरी रानी मंडल का भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रधान संदीप सैनी ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही उनको लड्डू खिला कर उनका मुंह मीठा किया। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी ने कहा कि वह प्रधान संदीप सैनी व समाज के लोगों का उनको सम्मान देने के लिए हार्दिक आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 36 बिरादरी की पार्टी है। जिसमें सभी वर्गों का मान सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए उनकी मेहनत को देखते हुए पद वितरित किए हैं। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा भारी मतों से जीत दर्ज कर रही है। दिल्ली की जनता अब मन बना चुकी है कि अबकी बार वहां कमल खिलेगा।



**यमुनानगर।** रादौर में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी को सम्मानित करते प्रधान संदीप सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# बसंत पंचमी पर स्कूल में किया हवन

- नैशनल पब्लिक स्कूल कैंप में हुआ हवन-यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नेशनल पब्लिक स्कूल कैंप में सोमवार को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्या और कला की प्रतीक देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। मौके पर विद्यालय प्रबंधक आरएस पुंडीर मुख्य यजमान के रूप में शामिल होकर माँ सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना की। विद्यालय के 10वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की सीबीएसई परीक्षा में सफलता के लिए एवं उनके सुनहरे भविष्य के लिए भी पूजन किया गया। हवन-यज्ञ के दौरान विद्यार्थियों ने पूजन का तिलक करते हुए हवन सामग्री डाली और माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने शिक्षक वर्ग के साथ सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हवन में आहुति दी और सभी को प्रसाद वितरित किया। विद्यालय प्रबंधक आरएस पुंडीर ने कहा कि माँ सरस्वती की कृपा सभी बच्चों पर बनी रहे। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** नैशनल पब्लिक स्कूल कैंप में आयोजित हवन-यज्ञ के दौरान आहुतियां डालते स्टाफ सदस्य व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# आर्ट इंटेग्रेशन पर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

- होली मदर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के होली मदर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा इन हाउस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 55 शिक्षकों ने भाग लिया। इस ट्रेनिंग का विषय आर्ट इंटेग्रेशन रहा। जिसमें मुख्य रूप से रीसोर्स पर्सन मोनिका कश्यप उपस्थित हुई। ट्रेनिंग का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में कला का समावेश करने के तरीकों के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य वक्ता मोनिका ने आर्ट इंटेग्रेशन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शिक्षा में कला का समावेश छात्रों के मानसिक विकास, रचनात्मक सोच और समस्या समाधान की क्षमता को बढ़ावा देता है। आर्ट इंटेग्रेशन केवल एक कला की कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे गणित, विज्ञान, भाषा, और समाजशास्त्र जैसे विभिन्न विषयों में भी प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकता है। इस ट्रेनिंग में शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया।

शिक्षकों को वेस्ट मैटीरियल से कला के विभिन्न रूपों को बनाने की प्रक्रिया सिखाई गई। शिक्षकों ने पुराने कागज, प्लास्टिक बोतलें, कार्डबोर्ड, और अन्य उपयोगी सामग्री का पुन उपयोग करते हुए सुंदर और रचनात्मक कला के नमूने तैयार किए।

इस गतिविधि का उद्देश्य केवल वेस्ट मैटीरियल से कला बनाना नहीं था, बल्कि यह भी सिखाना था कि कैसे सस्टेनेबिलिटी और इन्वायरनमेंटल अवेयरनेस को छात्रों में जागरूक किया जा सकता है। कार्यक्रम में शिक्षकों को यह सिखाया गया कि वे अपनी कक्षाओं में आर्ट इंटेग्रेशन को किस तरह लागू कर सकते हैं। ट्रेनिंग कार्यक्रम के समापन पर सभी शिक्षकों को ट्रेनिंग सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए।



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को संबोधित करती मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

# लोगों की शिकायतों पर तुरत लें एक्शन

- जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन
- शिविर में एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समस्या समाधान शिविर में एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को समस्या समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिलास्तर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम जगाधरी सोनू राम। फोटो : हरिभूमि

#### त्वरित समाधान पाकर उठाएं लाभ

एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने कहा कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में आ रही लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि वह अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में आकर रखें और त्वरित समाधान पाकर इसका लाभ उठाएं। शिविर में 10 शिकायतें प्राप्त हुई जो संबंधित विभागों को भेज दी गई। मौके पर सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल, नगराधीश पीयूष गुप्ता व डीएसपी कवलजीत सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# अपनी सुरक्षा को लेकर महिलाओं को करनी होगी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को महिला थाना के तत्वावधान में अवेयरनैस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान तीसरी कक्षा से दसवीं कक्षा तक की लड़कियों ने भाग लिया। मौके पर महिला थाना की ओर से ए.एस.आई नीलम व ए.एस.आई रिंकी ने लड़कियों को समाज में अपनी सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक जानकारियां दी। मुख्य वक्ता ए.एस.आई नीलम ने लड़कियों को बताया कि आज समाज में कई तरह की गतिविधियां होती रहती हैं। जिनके प्रति लड़कियों को अवेयर होने की बहुत जरूरत है। क्योंकि आज के समाज में महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर खुद ही पहल करनी जरूरी है। इसी कड़ी में उन्होंने लड़कियों को गुड फील व बैड फील के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़कियों व महिलाओं के साथ यदि कोई भी किसी तरह का शारीरिक व मानसिक शोषण होता है तो वे बिना किसी डर के सीधे महिला थाना में सम्पर्क कर सकती हैं। जहां पर उनकी बात को पूरी तरह से सुना भी जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करती एएसआई।

#### अधिकारों की जानकारी से स्वस्थ समाज बनेगा : शर्मा

स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जी.एस.शर्मा ने बाहर से आई दोनों वक्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से जहां समाज में महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होगी वहीं वे समाज में अपनी छवि को बेहतर व मजबूत बना सकेंगी।

ए.एस.आई. रिंकी ने भी बच्चों को निडर बनकर समाज में अपनी भागेदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सुरक्षा खुद करनी है, इसलिए यदि कोई भी उनसे किसी तरह की गलत हरकत करता है तो वे पहले अपने माता-पिता को अवश्य बताएं। यदि उन्हें किसी तरह की झिझक होती है तो वे सीधे महिला थाना में भी अपनी शिकायत दे सकते हैं।

# गुरु रविदास की महिमा का गुणगान

- जिले में विभिन्न स्थानों पर गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

संत गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में जिले में सोमवार को कई स्थानों पर प्रभात फेरी निकालकर श्रद्धालुओं ने गुरु रविदास की महिमा का गुणगान किया। मौके पर प्रसाद वितरित किया गया। सोमवार तड़के रादौर क्षेत्र के गावं नाचरौन, बिलासपुर, खेड़ी, माजरा, अराईयांवाला, ताजेवाला, खिजराबाद, कोट, खदरी, खिजरी, चुहड़पुर व छछरौली समेत जिले के कई स्थानों पर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से गुरु रविदास की महिमा का गुणगान किया। प्रभात फेरियां गांव के गुरु रविदास मंदिरों से शुरु होकर विभिन्न गलियों से होती हुई अंत में मंदिर परिसरों में जाकर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। रविदास मंदिर कमेटी खेड़ी के प्रधान राजबीर ने बताया कि प्रभातफेरी में गुरू रविदास जी के जयकारों के साथ साथ वाणी का गुणगान किया।



**यमुनानगर।** टोपरा कलां में रिबन काटकर प्रभात फेरी को रवाना करते हुए सरपंच।

# 479 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- आयुष विभाग द्वारा सरस्वती उद्गम स्थल श्रीआदिबद्री में नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन
- शिविर में मुख्यातिथि के रुप में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

आयुष विभाग के तत्वावधान में सरस्वती के उद्गम स्थल श्रीआदिबद्री में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 479 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की गई और उन्हें बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्जवलित करके शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में आयुष विभाग के वरिष्ठ आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा 479 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।



**यमुनानगर।** श्रीआदिबद्री में आयोजित नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य जांच शिविर का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।

### रोटरी क्लब रादौर द्वारा गुरुकुल खरकाली में आयोजन

# गरीब परिवारों की बेटियों को करवाया विवाह

- क्लब ने नवविवाहित जोड़ों को दहेज का जरूरी सामान भेंट कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में गुरुकुल खरकाली में जरुरतमंद पांच कन्याओं के सामुहिक का सामूहिक विवाह सरविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर गुरूकुल खरकाली में पांच जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के दूसरे सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रतिनिधि कौशल सैनी व शुगर फेड के चेयरमैन चौधरी धर्मबीर सिंह डगर ने किया। क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा व वाइस चेयरमैन डॉ.शुभम सलूजा ने बताया कि समारोह में पंडितों द्वारा विधिविधान से जरुरतमंद परिवारों की पांच कन्याओं का विवाह करवाया गया। इस दौरान कन्याओं व उनके दुल्हों के परिजनों को जलपान करवाया गया। मौके पर ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन सीए एसके जिंदल, राइट डायरेक्शन के एमडी विनय मित्तल बिन्नी, शहीद भगत सिंह मोर्चा के अध्यक्ष चौधरी रणधीर सिंह व दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल सहित अन्य नेता मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** विवाह समारोह में नवनिवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए गणमान्य।

#### मानवता की भलाई सबसे बड़ा धर्म

मौके पर मुख्यातिथि कौशल सैनी व चौधरी धर्मबीर सिंह डागर ने कहा कि रोटरी क्लब की ओर से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह समारोह का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया गया है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। रोटरी क्लब दुनियाभर में मानवता की भलाई के लिए लगभग 120 वर्षों से कार्य कर रहा है। रोटरी क्लब रादौर की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर कार्य किया जा रहा है। जिससे हम समाज को एक बेहतर दिशा की ओर ले जा सकते हैं। इस अवसर पर क्लब के संरक्षक पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा, डॉ. अमन पंजेटा, क्लब के प्रधान निर्मल सिंह, सचिव मास्टर देवीदयाल अरोड़ा, डॉ. एससी सैनी, डॉ. अशोक मिगलानी, भारत माटिया, एडवोकेट सुभाषचंद बडशामी, एडवोकेट सुरेशपाल बंचल, यतेंद्र वर्मा मेहरा, डॉ. विजय परमार, शुभम सलूजा, कपिल गर्ग यमुनानगर,संदीप सचदेवा, संजना सलूजा, मलखान सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गंदगी के ढेरों से आमजन परेशान

**शाहबाद।** नगर के हुड्डा पार्ट 1 जैसे पॉश इलाके में कई जंगह कूड़े के ढेर लगे हुए है। कई बार सफाई कर्मचारी और कूड़ा करकट उठाने वाले गाड़ी के कर्मचारियों को भी खाने के बाद उनके कानों पर जू तक नहीं रेंगती। जब समस्या को नपा के सेनेटरी अफसर नरेंद्र कुमार को अवगत कराया तो उन्होंने कहा जल्द ही सफाई करवा दी जाएगी लेकिन एक महीना होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई कबाड़ की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। ऐसा लगता है की सेनेटरी अफसर की पकड़ अपने कर्मचारियों पर नहीं है। हुडा निवासी रामकुमार सिंगल, आशुतोष गर्ग, गौरव अरोड़ा, जिमी पोपली, राजेश बवेजा ने प्रशासन से मांग की है कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत का आह्वान कर रहे हैं दूसरी तरफ इस प्रकार के गंदगी के ढेर प्रधानमंत्री के आह्वान का मजाक उड़ा रहे हैं।

### पिपली की गलियों में निकाली प्रभातफेरी



**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, पिपली सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. प्रेरणा बहन ने बताया कि बसंत पंचमी के सुअवसर पर पिपली की गलियों में प्रभातफेरी निकाली गई। फरवरी माह में शिव जयंती का पर्व है। इसलिए पूरा मास विभिन्न गांवो में जाकर शिव जयंती के पर्व के महत्व को भी बताया जाएगा। प्रेरणा बहन ने बताया कि आज ब्रह्म मुहर्त से ही आसपास के गांवों के भाई बहनो द्वारा प्रभातफेरी में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। गई। इस दौरान आमजन को शिव परमात्मा के नारों के द्वारा शिव संदेश भी दिया गया। जागो-जागो समय पहचानो, घरा पर भगवान आये हैं....। इस प्रकार से पिपली की गलियों में नारों से लोगों ने प्रातः उठ कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। इस अवसर पर धर्म पाल, फूल सिंह, कर्मजीत सैनी व प्रवीण कौर, परमजीत कौर, मीना कलाल माजरा, कमलेश, दीपमाला, नीना सैनी और बबीता रानी मौजूद रही।

## अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव : सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों का उठाया आनंद

# सरस मेले में लोग कर रहे जमकर खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा








अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2025 उपमंडल पिहोवा के सरस्वती तट पर आयोजित किया गया था, जिसके तहत सरस मेले का भी आयोजन किया गया है। इस मेले के आयोजन से आमजन काफी प्रसन्न है तथा सरस्वती तट पर लगे विभिन्न स्टॉलों पर खरीददारी का लुत्फ उठा रहे हैं। उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में 29 जनवरी से 4 फरवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में आमजन ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त सरस्वती तट पर लगे सरस मेले में लगातार लोगों का आगमन जारी है। इस मौक पर वे महोत्सव के दौरान लगे स्टालों पर अपनी पसंद की चीजें खरीद रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2025 का पिहोवा में आयोजन होना बेहद सौभाग्य की बात है। अहम पहलू यह है कि इस महोत्सव में सभी लोगों ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया तथा महोत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### मिट्टी से वस्तुएं बनीं आकर्षण का केंद्र

अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में सरस मेले में कई लोग अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन करने में सक्षम रहे। इन्हीं के बीच एक ऐसी शिल्पकला, जिसका रिवाज कभी भी पुराना नहीं होता, भी शामिल रही। महोत्सव में लगे स्टालों में कमल तालाब की चिकनी मिट्टी से बनी विभिन्न प्रकार की वस्तुएं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनीं। इस स्टाल पर लोगों ने जमकर खरीददारी की तथा अपने घर पर सजावट के लिए कई वस्तुएं खरीदी। पानीपत के गांव गढ सरणी से करमचंद ने अपनी हस्तकला का प्रदर्शन करते हुए कमल तालाब की चिकनी मिट्टी से कई प्रकार की सजावट की वस्तुएं बनाकर बेची। करमचंद ने बताया कि सबसे पहले मिट्टी को भिगोकर अच्छे से सुखाकर मिट्टी को बारीक पीस कर छान लिया जाता है। उसके बाद दोबारा उस मिट्टी को भिगोकर उससे विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बनाकर उन्हें धूप में सुखाया जाता है। इस प्रकार मिट्टी के बर्तन, फलावर पॉट, घर की साज सजावट का सामान तथा बच्चों के खिलौने बनाए जाते हैं।

### बरनाला के विभिन्न प्रकार के आचार बने लोगों की पसंद

सरस मेले में लगे विभिन्न स्टालों में बरनाला से आए अमर सिंह के स्टाल आचार व मुरब्बे लोगों द्वारा खरीदे जा रहे हैं। इस मौके पर अमर सिंह ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से आचार और मुरब्बे की बिक्री का कार्य कर रहे हैं। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मेलों में इस आचार और मुरब्बे को लोग काफी पंसद करते हैं तथा लोगों को पूरी शुद्धता तथा स्वच्छता के साथ वे आचार बेचते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास हरड का आचार, हरी मिर्च का आचार, आम, टींडा, करेला, नींबू, मशरूम, गाजर, करौंदा, अदरक, लहसुन, चेरी आदि का आचार मौजूद है। इसके अतिरिक्त गाजर का मुरब्बा, आंवला तथा सेब सहित कई प्रकार के मुरब्बे भी उनके पास उपलब्ध हैं। यदि कोई व्यक्ति उक्त आचार औश्र मुरब्बा आर्डर करवाना चाहता है तो 8872761932 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### पिपली सरस्वती वाटिका में बनेगा मां सरस्वती का भव्य और सुंदर मंदिर : धुमन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिपली सरस्वती वाटिका में मां सरस्वती का एक भव्य और सुंदर मंदिर बनाया जाएगा। इस मंदिर का निर्माण शहर की समाजसेवी और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। यह मंदिर आने वाले समय में पिपली पर्यटन स्थल के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाएगा। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच बसंत पंचमी के पावन पर्व पर पिपली में बोर्ड के तत्वाधान में समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच व पिपली तथा बीड पिपली के सरपंचों, समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती मंदिर निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया और नीव भी रखी। इसके बाद सभी ने मिठाईयां बांटी और खुशी का इजहार किया। बोर्ड के उपाध्यक्ष ने कहा कि पिपली में सरस्वती रिवर फ्रंट पर कुरुक्षेत्र का सबसे भव्य और सुंदर पर्यटन केंद्र को स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से 3 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया है। इस परियोजना के साथ ही भव्य मंदिर का निर्माण शुरू किया गया है। उपाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से पिपली सरस्वती रिवर फ्रंट को सरस्वती वाटिका के रुप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना को अमलीजामा पहनाने का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। इस परियोजना के अनुसार इस स्थल पर मां सरस्वती के नाम पर एक मंदिर का भी निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिपली सरस्वती रिवर फ्रंट पर समाजसेवी और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य



किया जाएगा। इसके साथ ही पिपली में सरस्वती वाटिका को कुरुक्षेत्र का सबसे भव्य और सुंदर पर्यटन हब के रुप में विकसित किया जाएगा। इस स्थल पर एक भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा। इस संग्रहालय का निर्माण हरियाणा पुरातत्व विभाग के सहयोग से किया जाएगा। इस संग्रहालय में पवित्र सरस्वती नदी के हजारों साल के इतिहास और उत्खनन के दौरान मिले साक्ष्यों को रखा जाएगा। इतना ही नहीं सरस्वती वाटिका में एक कैफेटेरिया का भी निर्माण किया जाएगा। उनका प्रयास है कि जीटी रोड से रोजाना गुजरने वाले 10 हजार वाहनों में से अगर 100 वाहन भी अगर रुकने शुरू हो गए तो सरकार की योजना सफल हो जाएगी।

### यूपी से आए बृजेश यादव द्वारा वेजीटेबल कटर बन रहा हर रसोई की पंसद

एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में सरस्वती तट पर लगे विभिन्न स्टालों में से यूपी के फिरोजाबाद से आए बृजेश यादव द्वारा सब्जी तथा सलाद काटने का एक कटर तथा ड्राई फ्रूट कटर महिलाओं द्वारा काफी खरीदा जा रहा है। यह सब्जी कटर बहुत ही कम समय में सब्जियां काटने का काम करता है तथा समय की काफी बचत करता है। इस मौके पर बृज मोहन ने कहा कि उनके पास 100 रूपए से लेकर 800 रूपए तक का सब्जी कटर व अन्य सामाज उपलब्ध है जो कम समय में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई महोत्सव के बाद भी यह सामान खरीदना चाहता है तो 7011058506 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## अरे द्वार पालो कन्हैया को कह दो ...जैसे भक्ति गीतों से बदली महोत्सव की फिजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा



अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या को प्रसिद्ध लोक कलाकार गजेन्द्र फौगाट के भजन अरे द्वारपालों कन्हैया को कह दो.. जैसे भक्ति रस से भरे भजनों ने पिहोवा सरस्वती महोत्सव की फिजा बदल डाली। इस महोत्सव में कपिल अंध प्रकाश विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी भजन प्रस्तुत करके सांस्कृतिक संध्या को यादगार बनाने का काम किया है। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2025 को गत देर सांय सरस्वती तीर्थ स्थल पर हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से प्रसिद्ध लोक कलाकार गजेन्द्र फौगाट ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने किया। इस सांस्कृतिक संध्या का आगाज लोक कलाकार गजेन्द्र फौगाट ने राम के भजनों से किया और इस सांस्कृतिक संध्या को भगवान श्रीराम को समर्पित करने का काम किया। इस लोक कलाकार ने मंगल भवन अमंगल हारी..., अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो, प्रयागराज में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के मुख से वायरल हुए भजन भारत देश हमारा..., ओ राम जी, गोबिंद राधे जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। लोक कलाकार गजेन्द्र फौगाट ने सरस्वती जंगम के साथ-साथ सरस्वती की महिमा का गुणगान किया और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का संदेश भी अपने भजनों के माध्यम से दिया। इस कलाकार ने अपने गीतों व शब्दों में आदि बद्री से लेकर तीर्थों की भूमि तक बहने वाली सरस्वती नदी के इतिहास को भी दर्शकों के समक्ष रखा। इसके अलावा अन्य कलाकारों ने भी सांस्कृतिक मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दी।

### रसायन विभाग के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र धर्मा राव कोडाली ने शोध के लिए किया प्रेरित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र प्रो. धर्मा राव कोडाली ने विभाग का दौरा करते हुए ह्यएक कार्बनिक रसायनज्ञ की लिपिड अनुसंधान में खोजह्ण विषय पर व्याख्यान दिया। इसके साथ ही उन्होंने एमएससी के विद्यार्थियों और युवा शोधकतार्ओं से संवाद किया तथा उन्हें शोध के लिए प्रेरित किया। प्रो. धर्मा राव कोडाली लिपिड अनुसंधान में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर उनके साथ विभाग के एक और प्रसिद्ध पूर्व छात्र डॉ. राजेंद्र दहिया भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि प्रो. कोडाली ने 1976 में अपनी एमएससी पूरी की और तत्पश्चात प्रो. एस.पी. सिंह के मार्गदर्शन में पीएचडी के लिए जुड़ गए, जिसे उन्होंने 1980 में पूर्ण किया।

## गीता निकेतन में मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- वंचित एवं उपेक्षित बच्चों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए एकत्रित की नौ लाख ग्यारह हजार की राशि




गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में माँ सरस्वती का प्रकटोत्सव एवम्‍ वीर हकीकत राय का बलिदान दिवस मनाया गया। भारतीय संस्कृति में ज्ञान, त्याग और समर्पण को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। इन्हीं महान मूल्यों को आत्मसात करते हुए विद्यालय में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर माँ सरस्वती जी के प्राकट्योत्सव और बाल बलिदानी वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन में न केवल विद्या और बुद्धि की देवी माँ सरस्वती का वंदन किया गया, बल्कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए वीर हकीकत राय के अद्वितीय साहस और बलिदान को भी याद किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ वैदिक मंगलाचरण के साथ हुआ जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों जिनमें ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के कोषाध्यक्ष अशोक रोशा, विश्व स्वास्थ्य संगठन दिल्ली से सीनियर इलेक्ट्रिक अधिकारी के रूप में सेवानिवृत राकेश कौशल, प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन गुप्ता व अभिभावक प्रतिनिधि अखिलेश का परिचय करवाया। विशिष्ट अतिथि अशोक रोशा ने कहा कि यह दिन अत्यंत शुभ और प्रेरणादायक है। उन्होंने समाज में शिक्षा से वंचित बच्चों की सहायता हेतु किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के अंतिम चरण में समर्पण कार्यक्रम के अंतर्गत एकत्रित नौ लाख ग्यारह हजार की राशि विद्या भारती हरियाणा के प्रांत प्रतिनिधि अशोक रोशा को वंचित बच्चों में शिक्षा के प्रचार - प्रसार हेतु प्रदान की गई।

## कुलपति ने किया केयू पुरुष छात्रावासों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- खाने की गुणवत्ता को जांचा



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ तथा कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न पुरुष छात्रावासों का दौरा किया। इस अवसर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विवेकानन्द छात्रावास, भगत सिंह, नरहरि, रणबीर आदि पुरुष छात्रावासों को दौरा करते हुए खाने की गुणवत्ता जांची। इसके साथ उन्होंने छात्रावासों में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा, होस्टल में रहने, साफ-सफाई, कॉमन रूम, मैस व्यवस्था की जांच की। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विद्यार्थियों को छात्रावास में हर प्रकार की सुविधाएं मिलें, इसके लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने होस्टल में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा छात्रों के वाहन के लिए सेंट्रल पार्किंग व्यवस्था के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### बारना के मंदिर में शिवलिंग की स्थापना

**कुरुक्षेत्र।** गांव बारना में नवनिर्मित मंदिर में सोमवार को नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की गई। इस दौरान विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्राह्मणों ने रूद्राभिषेक के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पूजा अर्चना में भाग लिया। रूद्राभिषेक के बाद मंदिर परिसर में गांव की सुख समृद्धि के लिए हवन का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने आहुति डाली व प्रशाद वितरीत किया गया। नारायण मंदिर ट्रस्ट के प्रधान सुखबीर सिंह व धर्मपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर में नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की गई है। इस मंदिर का निर्माण बीते कई वर्षों से चला हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। मंदिर के लिए सभी ग्रामीणों ने मन से दान दिया है तभी मंदिर निर्माण पूरा हो सका है। अभी मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की गई है। कुछ ही समय में ही इस मंदिर में श्री हनुमान जी, सतनारायण भगवान, श्री राम परिवार, श्री राधा कृष्ण परिवार, दुर्गा माता की मूर्तियों की भी प्राण प्रतिष्ठा की स्थापना की जाएगी।



## गीता को समर्पित है गीता मनीषी का जीवन : अशोक अरोड़ा

- ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर



गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा की गई। बार-बार परिणाम बिहारी तेरे चरणों में के भजन से वातावरण गूंज उठा। पूर्व मंत्री एवं थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने ठाकुर जी की आरती उतारी और आशीर्वाद लिया। फोनिक्स क्लब के प्रधान डॉ. राजेश वधवा तथा कैशियर मनोज गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके परिक्रमा का शुभारंभ किया और ठाकुर जी का आशीर्वाद लिया। ब्रह्मसरोवर सर्वेश्वर महादेव के सामने से प्रारंभ हुई परिक्रमा में सुनील वत्स, नवीन भारद्वाज, जय भगवान शर्मा, सुरेंद्र शर्मा,रिदम शर्मा,मनीष खुराना तथा पवन गुम्बर के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। ब्रह्मसरोवर का वातावरण राधा और कृष्ण के भजनों से गूंज उठा। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु भजनों पर जमकर थिरके। परिक्रमा के समापन पर ठाकुर जी की आरती उतारी गई। जिसमें थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने ठाकुर जी की आरती की, उनके साथ सुभाष पाली भी इस मौके पर मौजूद रहे। परिक्रमा में फतेह चंद गांधी, अशोक अरोड़ा, दीपक आहूजा, रोहतास कुमार, सुरेंद्र हम्बीरिया, तरुण धमीजा आदि रहे।

**कार्यक्रम** टीबी स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य जांच शिविर में 107 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

# टीबी मुक्त हरियाणा के लिए सरकार-समाज का साझा प्रयास जरूरी : डॉ. सुनील कुमार

उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में लोगों को टीबी से बचाव के प्रति किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



हरियाणा रेडक्रास सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गोविंदगढ़ स्थित गुरुद्वारा में टीबी स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य की सामान्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 107 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और 56 के टीबी सैंपल लिए गए। टीबी स्क्रीनिंग कैंप का शुभारंभ जिला रेडक्रास सचिव डॉ. सुनील कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त हरियाणा के लिए सरकार-समाज का साझा प्रयास जरूरी है। टीबी के संभावित मरीजों को तलाशने के लिए रेडक्रास व स्वास्थ्य विभाग की ओर से संयुक्त रूप से स्क्रीनिंग कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा जिला रेडक्रास चेयरमैन एवं उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में टीबी से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं सरकार के टीबी उन्मूलन अभियान में भी रेडक्रास की ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है। रेडक्रास टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने निर्देशानुसार रेडक्रास सोसायटी की ओर से ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज किया जा रहा है। टीबी बचाव को लेकर रेडक्रास की ओर से सार्वजनिक समारोहों में जागरूकता कार्यक्रम भी किए जाते हैं। वहीं सरकार की ओर से टीबी जागरूकता को लेकर जो कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, उनमें भी रेडक्रास सोसायटी बढ़-चढकर हिस्सा लेती है। सामान्य चैकअप के दौरान लोगों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ. अक्षिता शर्मा, रेडक्रास क्लर्क ओमप्रकाश, डीपीसी प्रोमिला, एलटी पूनम, जसविंद्र व अशीष, एसटीएस भूपेंद्र वालंटियर जोगेंद्र, राहुल व रानी तथा आशा वर्कर सुनीता प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

### 107 लोगों के स्वास्थ्य को जांचा

जिला टीबी आफिसर डॉ. संदीप अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय गहन अभियान के तहत रेडक्रास और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सौजन्य से टीबी स्क्रीनिंग और सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. अक्षिता शर्मा व अन्य सहयोगियों के साथ रेडक्रास की ओर से टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि द्वारा सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन प्रयासों के तहत 100 दिवसीय सघन जांच अभियान की शुरूआत की गई है, स्वास्थ्य विभाग की ओर से झुग्गी-झोपड़ियों के साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्क्रीनिंग कैंप लगाए जा रहे हैं, जिसमें रेडक्रास का भी सहयोग रहता है।

### ये हैं टीबी बीमारी के लक्षण

दो सप्ताह से ज्यादा खांसी रहना, रात को सोते समय पसीना आना, ठंड में भी पसीना आना, बुखार आना, संक्रमण बढ़ने के साथ बढ़ना, थकावट होना, वजन कम होना व सांस लेने में दिक्कत होना है।

### जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी के प्रधान बने चंदन अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र।** जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी के नाम से बने नए क्लब के प्रधान पद की जिम्मेवारी शहर की कई धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े युवा चंदन अरोड़ा को दी गई है। वे इस नए चैप्टर के पहले प्रधान होने के नाते चार्टर्ड प्रधान के रूप में भी संबोधित किए जाएंगे। इसके अलावा सचिव पद की जिम्मेवारी विकास आनंद और कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी एडवोकेट राजबीर सैनी को दी गई है। जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी/" के नवनियुक्त चार्टर्ड प्रधान चंदन अरोड़ा ने बताया कि 45 परिवार इस नए क्लब के साथ जुड़े हैं। इसके अलावा 4 सदस्यीय कोर कमेटी का भी गठन किया गया है। इसमें चंद्रेश अरोड़ा, जसपाल नैन, पवन विरमानी, विशाल सहगल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी माह के मध्य में नई टीम व सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। चंदन अरोड़ा ने कहा कि जेसीआई अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज करा रही है। ऐसे में कुरुक्षेत्र में जेसीआई क्लब का यह नया चैप्टर जेसीआई कुरूक्षेत्र सिटी समाज सेवा के क्षेत्र में एक से बढ़कर अनेक कार्य करेगा इसमें कोई दो राय नहीं है।



**नीलामी सूचना**

सभी सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बने सब सैन्टर मेहरा, गांव मेहरा, जिला कुरूक्षेत्र के परिसर में स्थित भवन के मलबे को जैसा है जहां है के आधार पर नीलामी दिनांक 17.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे सब सैन्टर मेहरा, गांव मेहरा में होगी। इच्छुक व्यक्ति जो भी बोली देना चाहे, मौके पर आकर बोली दे सकता है। बोली से पहले इच्छुक बोलीदाता को 10000/-रूपये की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट द्वारा जोकि सी.एच.सी. लाडवा को देय हो, बोली शुरू होने से पूर्व सी.एच.सी. लाडवा के कार्यालय में जमा करवाएं। बाकि की विस्तृत शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। इसका लोक निर्माण विभाग द्वारा आकलित आरक्षित मूल्य 39102/- रूपये है उक्त भवन की साईट को आप कभी भी जाकर देख सकते हैं।

**वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी**
**सामु. स्वा. केन्द्र, लाडवा।**

## खबर संक्षेप

### समस्याओं का किया समाधान

**अबाला।** नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले हर प्रार्थी की समस्याओं को गम्भीरता से ले और तत्परता से उनका समाधान करें। नगराधीश सोमवार को डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रही थी और शिविर में बैठे विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दे रही थी। नगराधीश ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार हर रोज दो घंटे लोगों की समस्याएं सुनी जा रही हैं।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का हल आज

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर कें अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 4 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि इस दौरान बिजली संबंधी समस्याएं सुनी जाएंगी।

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी शुभम व विकास को गिरफ्तार किया है। डेरा सलीमपुर के रामचंद्र ने 22 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि लक्कड़ मंडी से किसी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी सुरेश कुमार को शामिल जांच किया है। शिकायतकर्ता बलविंद्र सिंह ने 11 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि खन्ना पैलेस के पास आरोपी वाहन चालक ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी। हादसे में उसकी पत्नी की मौत हो गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपीचालक के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### बाइक सवार सेल्समैन से मोबाइल छीनकर फरार

**जींद।** गांव उझाना फिलिंग स्टेशन पर डयूटीरत सेल्जमैन को बाइक सवार युवकों ने पहले आवाज देकर बुलाया। फिर उसका मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बेलरखां निवासी अरमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उझाना फिलिंग स्टेशन पर सेल्जमैन का कार्य करता है। बीती शाम वह फिलिंग स्टेशन पर डयूटीरत था। उसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने आवाज देकर बुला लिया। जब युवकों के निकट पहुंचा तो बाइक के युवक ने झपट्टा मार कर फोन छीन लिया और फरार हो गए। अरमान की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पांच बस स्टैंड पर ट्रायल तौर पर टूरिज्म विभाग परोस रहा भोजन

# मात्र 5 रुपये में खाने की थाली सेवा की शुरूआत

**यात्रियों, स्टाफ व रैन बसेरा में ठहरने वाले लोगों को मिलेगी सेवा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। सस्ती थाली सेवा की शुरूआत करते मंत्री अनिल विज।

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा रोडवेज में प्रतिदिन तीन लाख यात्री व कर्मचारी सफर करते हैं। उन्हें अच्छा खाना उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश के पांच बस स्टैंडों पर ट्रायल तौर पर टूरिज्म विभाग द्वारा और बसों के यात्रियों को रेलवे की तर्ज पर खाना उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। विज सोमवार को अंबाला छावनी बस स्टैंड पर आस्था फाउंडेशन द्वारा प्रारंभ की गई पांच रुपए में थाली सेवा की शुरुआत करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने संस्था के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें अपने स्वैच्छिक कोष से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। मंत्री ने बताया कि इस भोजना सेवा का लाभ यात्रियों, स्टाफ व रैन बसेरा में ठहरने वाले लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे सामने बस स्टैंड पर यात्री, कर्मचारी व रैन बसेरा में रहने वाले लोगों के लिए मात्र पांच रुपए में प्रातः 11 से दो बजे तक भोजन सुविधा आस्था फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई है। उन्होंने कहा वह हर अच्छा कार्य करने वाले के साथ हैं। वह चाहते हैं कि सामाजिक संस्थाए आगे आए। सारा कार्य सरकारें नहीं कर सकती और लोगों को आगे आकर काम करना चाहिए। अंबाला बस स्टैंड पर दूर-दूर से यात्री आते हैं जिन्हें संस्था द्वारा अच्छा खाना उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे की तर्ज पर हरियाणा रोडवेज में भी खाना उपलब्ध कराने की योजना है। रोडवेज में प्रतिदिन तीन लाख यात्री व कर्मचारी यात्रा करते हैं। उन्हें अच्छा खाना उपलब्ध कराने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाईवे पर हम रेस्ट हाउस बनाना चाहते हैं ताकि वाहन चालक, महिलाएं व यात्रियों को रिफ्रेश होने की बेहतर सुविधा मिल सके। इस समय जो दुर्घटनाएं हो रही है वह 80 प्रतिशत मानवीय चूक की वजह से हो रही हैं। मानवीय भूल चालक को आराम नहीं करने की वजह से हो रही है। मौके पर एसडीएम सतेंद्र सिवाच, रोडवेज जीएम अश्विनी डोगरा के अलावा आस्था फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप आनंद, भाजपा नेता ललता प्रसाद, विपिन खन्ना, बलविंद्र शाहपुर, राजीव गुप्ता, रवि चौधरी, हर्ष बिंद्रा, रवि बुद्धिराजा, मोहित कौशिक, संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, भरत कोछड़ भी मौजूद रहे।

**सुधार करेंगे**

विज ने कहा कि बसों के लिए उन्होंने एक ट्रेकिंग सॉफ्टवेयर बनाने के आदेश दिए जिससे पता चल सके कि कौन सी बस कहां पर है। यह एप होगी जोकि यात्रियों के मोबाइल पर होगी। उन्होंने कहा हम नई एसी व इलेक्ट्रिक बसों की खरीद कर रहे हैं। यहां लोकल रुट पर पांच इलेक्ट्रिक बसें लगाई गई हैं जबकि अन्य बसों का संचालन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे हरियाणा परिवहन को परिवहन नहीं बल्कि परि की बहन कहे। ऐसी कोशिश की जा रही है। सुधार करने में दिक्कत आती है मगर सभी मिलकर परिवहन विभाग का सुधार करेंगे।

## बसपा नेता की मौत पर सीएम ने जताया शोक

- पूर्व जिप चेयरमैन के भाई की मौत पर भी जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़


अंबाला। मुख्यमंत्री नायब सैनी पीड़ति परिवार से संवेदना जताते हुए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को गांव रज्जू माजरा पहुंचे। यहां उन्होंने बसपा नेता हरबिलास सिंह के निधन पर दुख जताया। इसके बाद उन्होंने जिला परिषद् के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा के बड़े भाई स्वर्गीय नाथू राम, गांव फतेहपुर-80 में भाजपा नेता पवन गुज्जर की माता सत्या देवी के निधन पर तथा गांव छोटी कोहड़ी में राजकुमार के घर जाकर उनके पुत्र हवलदार स्वर्गीय मनीष के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष जगदीप कौर तथा मंडल प्रधान शहजादपुर विक्रम राणा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकत्र्ता मौजूद रहें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि परिजन के निधन से किसी भी व्यक्ति के जीवन में ऐसी शून्यता लाता है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इन दिवंगत आत्माओं के परिवारों पर जो दुख की घड़ी इस समय आई है परमात्मा इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होनें इस दौरान परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की कि इन दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दे। शोकाकुल परिवारों के लोगों को दुःख सहन करने की शक्ति दें।

## सब जूनियर में महाराष्ट्र ने जीता गोल्ड

- डीएसपी ममता सौदा ने खिलाड़ियो को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना


अंबाला। विजेता टीमों के साथ मुख्यअतिथि डीएसपी ममता सौदा। फोटो : हरिभूमि

पेसापोलो एसोसिएशन द्वारा 15 वीं सीनियर नेशनल पेसापोलो प्रतियोगिता का आयोजन मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल में शानदार आयोजन किया। इसमें सीनियर पुरुष-महिला, जूनियर (मिक्स) और सब-जूनियर (मिक्स) वर्ग की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन हुआ। एवरेस्ट फतेह करने वाली पदम श्री अवार्डी डीएसपी ममता सौदा ने बतौर मुख्यातिथि समापन समारोह में शिरकत की। इस नेशनल इवेंट में राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, पंजाब और चंडीगढ़ की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में पंजाब ने गोल्ड़ मेडल और हिमाचल ने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। जूनियर वर्ग में हरियाणा ने गोल्ड़ मेडल और पंजाब ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

जबकि सब जूनियर प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की टीम ने गोल्ड व हिमाचल ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। मुख्यातिथि ममता सौदा ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। एसोसिएशन के महासचिव ललित कुमार और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि पेसापालो खेल 1920 से खेला जा रहा है। पूर्व सरपंच नरेश चौहान ने आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करती है।

## जब तक विज पार्टी में है विपक्ष की जरुरत नहीं

- विस चुनाव में आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकार को गद्दारी की संज्ञा दे रहे हैं मंत्री अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


चित्रा सरवारा की फोटो।

अंबाला छावनी विधानसभा सीट से आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने बिजली मंत्री अनिल विज से सवाल करते कहा कि पहले तो वो ये बताए कि वो गद्दार कह किसे रहे हैं ? जो कभी उनके समर्थक में थे और इस चुनाव में मेरे साथ आए तो मैं उन्हें याद दिलवाना चाहूंगी कि अबकी बार 13000 ऐसे वोट थे जो उनके खिलाफ पड़े थे। विज कुछ फोटो में 5-10 कार्यकर्ताओं के पीछे पड़ना छोड़ दें। वोटर लिस्ट निकाल कर उन 13000 लोगों पर घेरे के निशान लगाने लग जाएं। उन्होंने कहा कि मंत्री सत्ता और ताकत में इसी लोकतंत्र और जनता की वज़ह से बैठे हैं। उसी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग कर जनता को ही डरा,धमका और अपमानित किया जा रहा है। मंच और मीडिया के माध्यम से नागरिक हो या अफसर उनकों ग़द्दार और कुत्ते जैसे शब्द बोले जा रहे हैं। विज द्वारा लोकतंत्र की गरिमा और संविधान दोनों को मिट्टी में मिलाया जा रहा है। हमें इससे घोर आपत्ति है। सख्त शब्दों में इसकी निंदा करते हुए हम सरकार से मांग करते हैं कि इसका संज्ञान ले और उचित कारवाई करें। चित्रा ने कहा कि गद्दारों की श्रृंखला जोड़ते जोड़ते उन्होंने अपने ही मुख्यमंत्री पर इशारा कर दिया है। विज मेरे या कार्यकर्ताओं के कंधों पर रख कर बंदूक चलानी बंद कर दें। सीधा सीधा अपनी बात रखें और अपने मुख्यमंत्री से निपटें। उन्होंने कहा कि ये अनिल विज द्वारा पोस्ट नहीं पोस्टमार्टम है। औरों के कंधों पर इल्ज़ामों की बंदूक रख कर मुख्यमंत्री पर निशाने दाग रहे हैं । वे भाजपा सरकार की अंतर्कलह और अपने निराश मंसूबों की जग नुमाइश कर रहे हैं।

## देश में दस करोड़ लोग नशे की गिरफ्त में: डॉ. राकेश

- डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे एनएसएस शिविर के दौरान छात्रों को सीएमओ ने नशे के खिलाफ किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। एनएसएस शिविर के दौरान मौजूद छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे जिला स्तरीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन पहले सत्र में मुख्यवक्ता के रूप में सिविल सर्जन अम्बाला डॉ. राकेश सहल ने हिस्सेदारी की। उन्होंने नशा मुक्ति और मेंटल हैल्थ पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को युवा देश माना जाता है। हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करना है। उन्होंने बताया कि आंकड़ों से पता चलता है कि देश में दस करोड़ लोग नशे की गिरफ्त में हैं। इनमें अधिकतर युवा हैं। यह बहुत ही चिंता की विषय है। नशे से बचने के लिए युवाओं को सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोडन्ना होगा, जिससे समाज खुशहाल जीवन बिता सकेगा। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो हमारी भावनाओं व विचारों को प्रभावित करता है। एक अच्छा मानसिक स्वास्थ्य न केवल हमें खुशहाल और संतुलित जीवन जीने में मदद करता है, बल्कि चुनौतियों और तनावों का सामना करने की क्षमता भी प्रदान करता है।दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता डॉ प्रदीप शर्मा स्नेही रहे। स्नेही एक कवि लेखक, विचारक एवं चिंतक हैं। उनकी अब तक लगभग 30 से अधिक पुस्तक साहित्य की विभिन्न विधाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को कल्पना शक्ति का विकास, सृजनात्मक का विकास तथा पटकथा लेखन कैसे करना चाहिए और साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन की बारीकियों पर विस्तार से बताया। जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक विजय कुमार ने पौधा एवं साल देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ आरआरसूरी ने दोनों मुख्यवक्ताओं का धन्यवाद किया। प्रोग्राम अधिकारी प्रियंका, सम्राट, जोए, अनिल अत्री, श्रीदत्त, मयंक, राहुल, विनीत, सुनीता गर्ग, सरिता, कमल शास्त्री, अनुज कुमार, बलवंत सिंह, राजेंद्र कुमार, अजय कौशल, वरुण जैन, राकेश, मीनाक्षी मौजूद रहे।

## भीतर से खोखला कर देता है नशा: वर्मा

- पुलिस अधिकारी ने छात्रों को नशे के खिलाफ किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। नशे के खिलाफ छात्रों को जागरुक करते पुलिस अधिकारी डॉ. अशोक वर्मा।

हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह के निर्देश पर प्रदेश भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गांव से दूसरे गांव व एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुंच रहे हैं। सोमवार को वे पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केसरी में पहुंचे हुए थे। विद्यालय प्राचार्या आरती सूद की अध्यक्षता में कार्यक्रम में 483 विद्यार्थियों, 22 शिक्षकों और 3 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है। दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते

**छात्रों को किया प्रेरित**

उन्होंने बताया कि युवाओं को विशेष रूप से विद्यार्थियों को चक्रव्यूह, रामगुरुकुल गमन, नून लौटा आदि आधुनिक तकनीकों के साथ साथ पारंपरिक जागरूकता पाठशालाओं के माध्यम से निरंतर जागरूक किया जा रहा है। अब तक 2600 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कर 16 लाख 70 हज़ार से अधिक लोगों को जागरूक किया जा चूका है। उन्होंने बताया कि 574 से अधिक युवाओं को नशे से बाहर निकाला जा चुका है। उन्होंने नारों, कविताओं और उदाहरणों से विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन द्वारा किये गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया।

## समाज के लिए नशा हानिकारक

- छात्रों को नशे के खिलाफ किया गया जागरुक, होली में चल रही अकादमी में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा


बराड़ा। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

गांव होली में कलगीधर ट्रस्ट बड़ू साहिब के संरक्षण में संचालित अकाल अकादमी में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरकारी स्कूल डुलियानी के छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान कैप्टन एनएस रंधावा, प्रवीन और इंद्रप्रीत सिंह ने नशे को समाज और परिवार के लिए जहर बताते हुए युवाओं को इससे दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे से बचाव के लिए समाज को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य जसमीत कौर ने मुख्य अतिथियों का धन्यवाद करते हुए अभिभावकों से बच्चों को धार्मिक और नैतिक मूल्यों से जोड़ने तथा नशे से दूर रखने की अपील की।

उन्होंने कलगीधर ट्रस्ट द्वारा नशा मुक्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सरपंच बलविंदर सिंह (होली), सरकारी स्कूल डुलियानी के शिक्षक जगमाल और रिचा गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने नशे के दुष्परिणामों पर आधारित एक प्रेरणादायक कविता सुनाकर विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### 600 प्रतिबंधित नशे के कैप्सूलों के साथ आरोपी काबू

**शहजादपुर।** एनसीबी की अंबाला यूनिट ने सोमवार को एक नशा तस्कर को 600 प्रतिबंधित नशे के कैप्सूलों सहित काबू किया। सूचना के आधार पर एनसीबी ने यह कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ शहजादपुर थाने में केस दर्ज किया गया है। अब जांच टीम आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। विदित है कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा निर्देशों पर पूरे प्रदेश में नशामुक्त करने के लिए तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एनसीबी अंबाला यूनिट के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधिक्षक जगबीर सिंह और इंचार्ज उप निरीक्षक राजेश ने बताया कि सोमवार को उनकी टीम शहजादपुर रोड पर गांव कक्कड़ माजरा के पास गश्त पर थी। तभी सूचना के आधार पर गांव कक्कड़ माजरा सर्विस रोड से शहजादपुर हाइवे की तरफ पैदल आ रहे एक संदिग्ध को काबू किया गया। नायब तहसीलदार संजीव शर्मा की मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली गई।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### सात दिवसीय थियेटर कार्यशाला का समापन

**अंबाला।** गवर्नमेंट कॉलेज में चल रही सात दिवसीय थियेटर कार्यशाला के समापन पर बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा संगीत विभाग के सहयोग से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. अजीत सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता सह-संरक्षक डॉ. देस राज बाजवा ने की। इस अवसर पर एक्ट्रेस शिवानी सैनी मुख्य अतिथि थीं। शिवानी शर्मा कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुकी है। हाल ही में वह सतिंदर सरताज और नीरू बाजवा के साथ इक्को-मिक्के मूवी में बेहतरीन अदाकारा रही है। एक्ट्रेस शिवानी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया विद्यार्थियों को अपनी आत्मा की आवाज सुनकर पूरी लगन और मेहनत के साथ एक ही रास्ते पर चलकर कार्य करना चाहिए यही सफलता का एकमात्र मंत्र है।

## डेयरी कांपलेक्स के निर्माण के लिए 82 करोड़ का लोन मंजूर

# डेयरियों को शहर से बाहर किया जाएगा शिफ्ट

- परिवहन मंत्री अनिल विज बोले- पशुपालकों के साथ आम जनता को भी होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। अधिकारियों से बातचीत करते परिवहन मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

अंबाला छावनी की सभी पशु डेयरियों को जल्द शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। ब्राह्मण माजरा में चयनित जमीन पर डेयरी कांप्लेक्स के निर्माण के लिए 82 करोड़ के लोन को मंजूरी मिल गई है। ऊर्जा , परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि छावनी के शहरी क्षेत्र से सभी डेयरी को बाहर करने एवं ब्राह्मण माजरा में आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स के निर्माण की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि डेयरी कांप्लेक्स निर्माण के लिए नेशनल हाउसिंग बैंक से 82 करोड़ रुपए की मंजूरी मिल चुकी है। इस सिलसिले में विज ने नगर परिषद अधिकारियों को जरुरी निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि जल्द नगर परिषद द्वारा इसके टेंडर लगाकर निर्माण प्रक्रिया को प्रारंभ किया जाएगा। ब्राह्मण माजरा में 21 एकड़ में आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स का निर्माण कार्य किया जाना है। यहां पर 300 से ज्यादा डेयरियों को शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण को लेकर नगर परिषद द्वारा पूरा ले-आउट प्लान तैयार कर लिया गया है।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण बनाया जाएगा**

विज ने बताया कि पशुपालकों की सुविधाओं को देखते हुए डेयरी कांप्लेक्स को अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण बनाया जाएगा। यहां पर गोबर गैस प्लांट के अलावा, सोलर सिस्टम, रेस्ट रूम, वॉटर डिस्पोजल, तालाब, चारा काटने की सुविधा, छोटे व बड़े आकार के प्लाट, आने-जाने की सुविधा, सोलर एनर्जी सहित अन्य कई सुविधाएं होगी। उन्होंने बताया पशु पालक टांगरी बांध रोड से सीधा ब्राह्मण माजरा पहुंच सके इसके लिए टांगरी नदी के ऊपर काजवे का निर्माण भी किया जा रहा है।